हिन्दुस्तान
बुधवार, 02 फरवरी 2022, नगर/गुरुग्राम, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बजट 2022-23



रियल एस्टेट

# 22 हजार लोगों को जल्द घर मिलने की आस जगी

गाजियाबाद | कार्यालय संवाददाता

केंद्र सरकार के आम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 40,000 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा से जिले के 22 हजार लोगों को जल्द अपना आशियाना मिलने की उम्मीद जग गई है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार होने वाले 22 हजार मकान अब जल्द बन सकेंगे। यह मकान शहरी सहित देहात क्षेत्र में बनाए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार ने अपने बजट में अफोर्डेबल आवास पर ध्यान केंद्रित किया है। इसका सीधा असर जिले में तैयार होने वाले 22,203 प्रधानमंत्री आवास पर पड़ेगा। महागुन ग्रुप के डायरेक्टर धीरज जैन का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास के लिए बजट में धनराशी आवंटित की गई है जिसका असर जिले में तैयार हो रहे आवास पर पड़ेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले मकानों की कीमत 6.50 लाख रखी गई है। हालांकि यह पहले 4.50 लाख रुपये तय की गई थी। वहीं इसका कारपेट एरिया 29.4 वर्ग मीटर हो सकता है। इसमें दो कमरों के एक मकान में रसोई, शौचालय, बाथरुम और एक बालकनी का भी प्रावधान है। इसके अलावा बहुमंजिला बनने वाले इन मकानों के नक्शे में बढ़ौतरी भी की जा सकती है।



**44** हजार करोड़ पीएम आवास योजना के लिए आवंटित करने से लाभ मिलेगा

- पीएम आवास योजना के लिए तय बजट का असर जिले में पड़ेगा
- योजना में फ्लैट का कारपेट एरिया 29.4 वर्ग मीटर हो सकता है

गौड़ ग्रुप सीएमडी और नार्थ क्रेडाई नेशनल उपाध्यक्ष मनोज गौड़ सरकार का संतुलित बजट है। इससे रियल स्टेट से जुड़े कारोबारियों को फायदा होगा। साथ ही लोगों को जल्द ही अपना घर मिलेगा।

गौड़ ग्रुप सीएमडी और नार्थ क्रेडाई नेशनल उपाध्यक्ष मनोज गौड़ सरकार का संतुलित बजट है। इससे रियल स्टेट से जुड़े कारोबारियों को फायदा होगा। साथ ही लोगों को जल्द ही अपना घर मिलेगा।